मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-433
26/11/2019

मुख्यमंत्री ने राजगीर में निर्माणाधीन जू सफारी का निरीक्षण किया

पटना, 26 नवम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज राजगीर में लगभग 480 एकड़ क्षेत्र में निर्माणाधीन जू सफारी का निरीक्षण किया और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। राजगीर में निर्माणाधीन जू सफारी में 05 भाग होंगे, जिनमें 05 तरह के जानवर यथा – हिरण, भालु, तेंदुआ, बाघ तथा शेर को रखा जायेगा। इस परियोजना में कुल 177 करोड़ रूपये का व्यय होगा।

जू सफारी के निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने जानवरों के नाइट शेल्टर सह फीडिंग रूम का भी मुआयना किया और अधिकारियों से इसके संबंध में विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने जानवरों के इनक्लोजर को भी देखा तथा इसके संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। ज्ञातव्य है कि जू सफारी में जानवर खुले क्षेत्र में रहते है, दर्शक बंद गाड़ी में जानवरों को देखने का लुत्फ उठाते है। जू सफारी में जानवरों को डबल प्रोटेक्शन में रखा जाता है तथा फेंस की उंचाई 23 फीट होती है। मुख्यमंत्री ने अगस्त 2020 तक दर्शकों के लिए जू सफारी शुरू करने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

इस अवसर पर जू सफारी में मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, निदेशक जू सफारी श्री हेमंत पाटिल, डी0एफ0ओ0 सहित पर्यावरण एवं वन विभाग के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******